भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †15
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सबरीमाला आध्यात्मिक परिपथ परियोजना

†15. **श्री एंटो एन्टोनी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल राज्य में सबरीमाला आध्यात्मिक सर्किट परियोजना सहित स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2016-17 के दौरान इस योजना के अंतर्गत सबरीमाला आध्यात्मिक सर्किट के विकास हेतु स्वीकृत कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में इस परियोजना के लिए स्वीकृत राशि के मूल्य और मंत्रालय द्वारा जुलाई 2019 में अतरांकित प्रश्न संख्या 1481 के दिए गए उत्तर में अंतर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत केरल राज्य में 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी थी जिनका विवरण और मौजूदा स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में दर्शाई गई इस परियोजना की स्वीकृत लागत और जुलाई 2019 के दौरान पूछे गए लिखित प्रश्न सं. 1481 के उत्तर में दी गई लागत में अंतर बाद में परियोजना लागत में किए गए संशोधनों के कारण है।

****

अनुबंध

श्री एंटो एन्टोनी द्वारा सबरीमाला आध्यात्मिक परिपथ परियोजना के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †15 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के चिह्नित थीमेटिक परिपथों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

थीम/स्वीकृति वर्ष	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**भौतिक रूप से पूरी होने की स्थिति**
इको-परिपथ 2015-16	पत्तनमतिट्टा-गवी-वागामोन-तेक्कडी का विकास	64.08	पूर्ण
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास	46.54	पूर्ण
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्रीपद्मनाभ अर्णामूला का विकास	78.08	पूर्ण
ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	पूर्ण
आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम-अरुवीपुरम-कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया-चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42	जारी

******